



# रात में हुई बारिश के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की



- गर्मी से मिला राहत, शुरू हुई
- बिजली की लुकाछुपी

**उज्जैन।** मानसून के केरल में दस्तक देने के बाद उत्तर भारत का मौसम बदल गया है। गुरुवार शुक्रवार रात हुई बारिश के बाद दिन रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने प्री मानसून की एक्टिविटी होना बताया है और दो-तीन दिन तक किसी तरह का मौसम बना रहने की बात कही है।

इस बार केरल में मानसून तीन दिनों की देरी से पहुंचा है जो तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। जिसके चलते उत्तर भारत में प्री मानसून की गतिविधियां बढ़ गई है। वैसे शहर में पिछले दो-तीन दिनों से तेज आंधी और बारिश का सिलसिला बना हुआ था जो गुरुवार शुक्रवार रात में एक बार फिर दिखाई दिया। 3 बजे के लगभग तेज हवा के बारिश शुरू हुई। जो रुक-रुक कर सुबह तक जारी रही। तेज हवा और बारिश की वजह से न्यूनतम तापमान में 4.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज हुआ है। जो पिछले कुछ दिनों में 26 से 28 डिग्री के बीच बना हुआ था। शुक्रवार को भी दिन भर आसमान में बादलों की आवाज जा ही बनी रही जिसके चलते अधिकतम तापमान भी 35 डिग्री दर्ज हुआ है जो गुरुवार के मुकाबले चार डिग्री कम है।

मौसम विभाग की माने तो आगामी 2 से 3 दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा लेकिन प्रदेश में मानसून 20 जून के बाद ही दस्तक देगा। केरल पहुंचा मानसून फिलहाल गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु की ओर बढ़ रहा है। रात में हुई बारिश के बाद शहर में गर्मी से राहत मिली है। रात में हुई बारिश के बाद बिजली की लुका छुपी का खेल शुरू हो गया है रात 3 बजे बारिश के बाद गुल हुई बिजली 1 घंटे बाद लौटी वहीं शुक्रवार को दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा।

## जिले में औसत 14.1 मिमी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 14.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 27 मिलीमीटर, घट्टिया तहसील में 05 मिली, खाचरौद में 12 मिलीमीटर, नागदा में 02 मिलीमीटर, बड़नगर में 58 मिलीमीटर, महिदपुर में 11 मिली, झारडा में 2.0 मिलीमीटर, तराना में 6 मिली और माकड़ौन में 4 मिली वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून से लेकर आज दिनांक तक उज्जैन जिले में औसत 21.5 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।

## निर्माण कार्यों की थम सकती है गति

शहर में सिंहस्थ 2028 को लेकर निर्माण कार्य प्रगति पर है बारिश के चलते कार्यों की गति थम सकती है। जैसे स्थानीय प्रशासन और नगर निगम द्वारा वर्षा कल को देखते हुए पहले ही निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिदिन कार्य स्थलों का दौरा निरीक्षण शुरू कर दिया था। अधिकांश मार्गो पर चल रहा चौड़ीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसके चलते वर्षा काल में काम को रोका भी गया तो उसे तीन माह बाद जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बड़े निर्माण कार्यों को अगले वर्ष के प्रथम तीन चार माह में पूरा करने की योजना पर प्रशासन कम कर रहा है।

# 5 साल बाद भी नहीं हटा अदद एक मकान, सारी कोशिशें नाकाम

## तब के कलेक्टर अब बन गए कमिश्नर, सिंहस्थ कार्य में परचुरे भवन ने डाला खलल, 50 करोड़ श्रद्धालुओं पर भारी पड़ा ढांचा

**उज्जैन। महाकाल मंदिर क्षेत्र के विस्तार और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच एक ऐसा भवन खड़ा है। जिसने पांच वर्षों से प्रशासन, नगर निगम, महाकाल मंदिर प्रबंध समिति और विकास एजेंसियों की योजनाओं को उलझाकर रख दिया है। महाकाल लोक के विस्तार में बाधा बने मकान क्रमांक-168, जिसे परचुरे भवन के नाम से जाना जाता है का विवाद आज भी जस का तस बना हुआ है।**

वर्ष 2021 में महाकाल मंदिर के सामने स्थित 11 भवनों और जमीनों का अधिग्रहण किया गया था। महाकाल क्षेत्र के विस्तारीकरण, सड़क चौड़ीकरण, महाकाल वन, नए वेटिंग रूम, टनल और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए यह जमीन आवश्यक मानी गई थी। उस समय कलेक्टर रहे आशीष सिंह ने अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया था। आज वे संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी हैं, बावजूद पांच साल बाद भी इस परचूरे भवन का मामला सुलझ नहीं पाया है।





### 12 करोड़ 46 लाख मुआवजा दिया -7 दिन बनाम 5 साल

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने 11 भवन मालिकों को कुल 12 करोड़ 46 लाख रुपये का मुआवजा दिया था। इनमें 11 करोड़ 9 लाख रुपये जमीन और 1 करोड़ 37 लाख रुपये भवनों के एवज में संबंधितों के खातों में जमा कराए गए। अधिग्रहण के बाद 1274 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध होना थी। 5 अक्टूबर 2021 को 10 भवन मालिकों ने मुआवजा लेकर अपनी संपत्तियां सौंप दीं। सिर्फ परचुरे भवन के मालिक ने एक करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा स्वीकार नहीं किया। मकान मालिक ने अधिग्रहण और निर्माण कार्य को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। इसके बाद मामला कानूनी प्रक्रिया में उलझ गया। नतीजा यह हुआ कि जिस जमीन पर सात दिन में अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो जानी थी, वह पांच साल बाद भी अधूरी है। परचुरे भवन के कारण महाकाल मंदिर के आसपास प्रस्तावित 70 मीटर चौड़ी सड़क का काम प्रभावित हो रहा है। इसी क्षेत्र में महाकाल वन विकसित किया जाना है, नए वेटिंग रूम बनाए जाने हैं, टनल और वैकल्पिक मार्ग विकसित होने हैं ताकि भविष्य में करोड़ों श्रद्धालुओं और साधु-संतों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। इस एक भवन का विवाद पूरे प्रोजेक्ट की गति को थामे हुए है।

### कोर्ट कचहरी में उलझा हुआ पूरा मामला

सवाल यह भी है कि जब मुआवजा राशि खातों में जमा हो चुकी थी और अधिकांश भवन मालिक अपनी जमीनें सौंप चुके थे, तब एक मामले का समाधान पांच वर्षों में भी क्यों नहीं निकल पाया। सिंहस्थ-2028 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है, महाकाल क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों में से एक आज भी अदालत और प्रशासनिक फाइलों के बीच अटका हुआ है।

# होटल में आबकारी की दबिश, 13 पेटी शराब जब्त

## इंदौर-उज्जैन हाईवे की होटल में शराब परोस रहे थे

**उज्जैन। इंदौर-उज्जैन हाईवे की होटल में शराब परोसे और बेचने का मामला सामने आने पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश मारी। विदेशी शराब के साथ बीयर की पेटियां मिलने पर संचालक को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।**

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंधा ने बताया कि इंदौर-उज्जैन हाईवे पर होटल राजसागर में अवैध रूप से शराब संग्रहित कर विक्रय करने की सूचना मिलने पर रात में आबकारी आयुक्त निधी जैन के नेतृत्व में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान होटल परिसर से बीयर की 12 पेटी (156 बोतलें) और एक विदेशी मदिरा (व्हिस्की) की पेटी बरामद हो गई। होटल से बरामद शराब की मात्रा 106.8 बल्क लीटर थी। जिसकी कीमत हजारों में पाई गई, मौके से होटल संचालक अतुल पिता राजकुमार मेघवंशी को गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क) और 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरूवार को आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। दबिश की कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रतिक गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय मेढ़ा, आरक्षक महेश कछवाए, जगदीश रेशमिया, रोहित लोहारिया, शिवानी जारवाल और निशा अमलावतिया शामिल थे।

# पांच को बदमाशों को जिलाबदर किया

**उज्जैन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने रजत उर्फ रिंकू पिता नीलेश निगम थाना चिमनगंज मंडी, संग्राम पिता प्रहलाद बैरागी थाना बड़नगर, शिवम उर्फ शुभम उर्फ भोला पिता राजेश माली थाना जीवाजीगंज, हेप्पी उर्फ अभिषेक पिता धर्मराज कीर थाना नागझिरी और रौनक पिता मनोहर गुर्जर थाना चिमंनगंज मंडी को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत सभी 5 व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह-छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदकों के विरुद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## एक नजर में

### एमआईटी में साइकिल दिवस मना



**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के डिपार्टमेंट ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन्स एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पं. जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट ने 3 जून बुधवार को विश्व साइकिल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस वर्ष की थीम साइक्लिंग फॉर अ ग्रीनर फ्यूचर रखी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइकिल चलाने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र मेहता एवं डिपार्टमेंट ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर एप्लिकेशन के डायरेक्टर डॉ. ऋषि दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। । एमआईटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ ने भी नियमित साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा दिया। डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर विश्व साइकिल दिवस को सार्थक बनाया।

### एक पेड़ मां के नाम में पौधारोपण



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल, जनहितकारी एवं विकासोन्मुखी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा ने नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा व निगम सभापति कलावती यादव ने भी संबोधित किया। अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, रवि सोलंकी, मुकेश यादव, आनंदसिंह खींची, जगदीश पांचाल सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पंचक्रोशी मार्ग के अंतर्गत यात्रियों के लिए सुविधाए उपलब्ध कराने हेतु विकसित किए जा रहे 12 पावन उपवनों में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत करोहन से किया गया है। वृहद वृक्षारोपण अभियान में वन विभाग एवं जन सहयोग से अच्छी गुणवत्ता के पौधे जैसे- अर्जुन, कदम, नीम, पिपल, बड, देवदार आदि लगाए गए। इस अवसर पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगम सभापति कलावती यादव, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, वनमंडलाधिकारी, अनुराग तिवारी, संजय अग्रवाल, दीपक चौधरी, जिला पंचायत सदस्य जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पौधे लगाए।

# चार बदमाशों ने होटल चलाने वाले को मारा चाकू

## महाकाल थाना क्षेत्र के नृसिंह घाट का मामला

**उज्जैन। चाय की होटल चलाने वाले बदमाशों ने हफ्ता मांगा। मना करने पर चेहरे पर चाकू मार दिया। घायल चायवाले को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में बदमाशों की तलाश कर रही है।**

महाकाल थाना क्षेत्र के नृसिंह घाट मल्टी में रहने वाला राधेश्याम पिता तुलसीराम 24 वर्ष क्षेत्र में ही चाय की दुकान चलाता है। रात में दुकान पर सोनू, मोनू, चुन्ना, दिनेश पहुंचे और 1 हजार रुपए हफ्ता मांगने लगे। जिसको लेकर राधेश्याम का चारों से विवाद हो गया। इसी दौरान बदमाशों ने चाकू से चेहरे पर वार कर दिया। लहूलुहान होने पर राधेश्याम को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस राधेश्याम के बयान लेने अस्पताल पहुंची। इस दौरान घायल ने बताया कि चारों बदमाश क्षेत्र में अवैध वसूली करते हैं। पूर्व में भी दो बार शिकायत की गई थी लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते बदमाशों के हौसलें बढ़ते जा रहे हैं। मामले में महाकाल थाना पुलिस का कहना था कि विवाद होने पर एक युवक के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद बदमाशों की तलाश शुरू की गई है।

# ग्रामीण थानों के निरीक्षण पर निकले एसपी ने खेला क्रिकेट

- खेल गतिविधियां टीम भावना, अनुशासन सुदृढ़ करती है

**उज्जैन। एसपी प्रदीप शर्मा गुरुवार को ग्रामीण थाना क्षेत्रों के निरीक्षण पर निकले थे। भाटपचलाना पहुंचने पर उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ आयोजित मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिया और बेटिंग करने मैदान में उतरे। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां पुलिस बल में उत्साह, टीम भावना, अनुशासन और समन्वय को सुदृढ़ करती है।**



शहर में थानों का औचक निरीक्षण करने वाले एसपी प्रदीप शर्मा गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों के थानों का भ्रमण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने नागदा थाने पहुंचने पर थाना प्रभारी और स्टॉफ की प्रशंसा की। नागदा पुलिस द्वारा शहर में निगरानी रखने के लिए नगर पालिका के माध्यम से करीब 200 कैमरे हर क्षेत्र में लगवाए हैं। जिसके माध्यम से शहर की व्यवस्थाओं और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस की आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग और सतत निगरानी व्यवस्था तथा बेहतर पुलिसिंग के लिए उन्होंने थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान महिदपुर थाने के आरक्षक समरथ पाटीकर द्वारा सायबर अपराधों से संबंधित प्रकरणों में मनी रिस्टोरेशन मॉडल पर सक्रिय रूप से काम करते हुए पीड़ितों की मदद करने पर प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किया। यहां से भाटपचलाना थाने पहुंचे थे जहां उन्होंने थाना भवन परिसर का निरीक्षण करते हुए अभिलेख संधारण, अपराध नियंत्रण व्यवस्था और जनसेवा संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उसके बाद यहां आयोजित मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में मैदान संभालते हुए बेटिंग की। खाचरौद पहुंचे एसपी ने निरीक्षण के बाद थाना प्रभारी और पुलिस स्टॉफ को कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई कर रोकथाम करने के साथ लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

# चारभुजा नाथ मंदिर में सजा पुष्प वितान बंगला, उमड़े श्रद्धालु

**उज्जैन। पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन भगवान की विशेष झांकी सजाई जा रही है। दर्शन के लिए रोज हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में मंदिर में पुष्प वितान बंगला उत्सव धूमधाम से मनाया गया।**



पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात मनोरथी देवपुरा परिवार, सत्यनारायण अगाल, श्रीधर मूंदड़ा, कमलेश जावंधिया, पुनित डांगरा और किरण दामोदर दास अटल की ओर से महाआरती की गई। इस अवसर पर देवपुरा परिवार द्वारा भगवान को खिरावन का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की गई। महाआरती में मुख्य रूप से नृसिंह देवपुरा, सत्यनारायण पलोड़, मनोज कुमार हेड़ा, राधेश्याम चोखड़ा, भूपेंद्र जाजू, सीमा कांसट, नलिनी मूंदड़ा, रेणु आगीवाल, संध्या सारडा, ऊषा झंवर, राधा बाई देवपुरा, डॉ. अर्चना माहेश्वरी, गीता देवी देवपुरा और अलका भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## उत्सव में इनकी रही सहभागिता

आयोजन में मनोरथी परिवार के मुखिया सहित पारिवारिक सदस्य किरण अटल, अतुल देवपुरा, सुनीता देवपुरा, सौरभ देवपुरा, पूजा देवपुरा, सुगंधा देवपुरा, रोहिल देवपुरा, मितांश देवपुरा, क्रिधा देवपुरा, माधुरी जावंधिया, रिचा माहेश्वरी, मधु माहेश्वरी, मुकेश जावंधिया, कृष्णा जावंधिया, आरती पलौड और पूजा मालपानी ने सहभागिता की।


# ग्राम दंगवाड़ा में दरवाजा तोड़ा तो मृत अवस्था में पड़ा मिला युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम दंगवाड़ा में रहने वाले जितेन्द्र पिता हरिओम पांचाल 38 साल को दोपहर परिजन चरक अस्पताल लेकर आये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने पर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के भतीजे राजेश पांचाल ने बताया कि चाचा जितेन्द्र एमपीईबी में काम करते थे। नाइट ड्यूटी के बाद दिन में सोते थे। बुधवार रात भी ड्यूटी के बाद सुबह घर आकर सो गये थे। दोपहर तक नींद से नहीं जागे तो परिजन उन्हे उठाने के लिये पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था, काफी देर तक नहीं खुलने पर पत्नी ने परिजनों को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर मृत अवस्था में पड़े मिले। कोतवाली चौकी पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण सामने आ पायेगा। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

**भस्मारती में प्रशासक** | श्रद्धालुओं की परमिशन चेक की तो खुलासा, 3 मामलों में एफआईआर, हिंदू संगठन की जांच, प्रात:काल में मंदिर पहुंचे थे मंदिर प्रशासक

# भस्मारती के नाम पर 2500-2500 रुपए वसूले, मंदिर प्रशासक कौशिक ने पकड़ा

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल की रोज तड़के 4 बजे होने वाली विश्व प्रसिद्ध भस्मारती में शामिल होने के लिए अनुमति दिलाने के नाम पर श्रद्धालुओं से 2500-2500 रुपए की वसूली की गई। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने खुद भस्मारती में पहुंचकर यह मामला पकड़ा। प्रशासक कौशिक भस्मारती की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने भस्मारती की लाइन में खड़े श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनकी परमिशन आदि चेक की तो कई तरह की चौकाने वाली जानकारी सामने आई। प्रशासक कौशिक ने 3 ऐसे मामले पकड़े जिनमें फर्जीवाड़ा नजर आया और गलत तरीके से प्रत्येक श्रद्धालु से 2500-2500 रुपए की राशि वसूली गई थी। तीनों मामले की शिकायत मंदिर समिति ने महाकाल थाना पुलिस को की है। पुलिस ने तीनों मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस जांच कर रही है कि हिन्दू संगठन के नाम पर परमिशन किस व्यक्ति ने कराई है और 2500-2500 रुपए की राशि किसने ली है।

भस्मारती में रुपए की वसूली के तीन मामले पकड़ाने के बाद मंदिर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए भस्मारती में प्रवेश की व्यवस्था में बदलाव किया है। फिलहाल प्रशासक प्रथम कौशिक के निर्देश पर एक मात्र नीलकंठ द्वार से ही सभी श्रद्धालुओं को जांच के बाद भस्मारती में एंट्री दी जाएगी।

## हिंदू संगठन का नाम सामने आने के बाद हड़कंप

निरीक्षण में मंदिर प्रशासक कौशिक ने गेट क्रमांक-1 पर श्रद्धालुओं की परमिशन चेक की तो उन्हें शंका हुई। जांच में पता चला भस्मारती अनुमति के नाम पर श्रद्धालुओं से पैसे लिए गए है। इनकी परमिशन किसी हिंदू संगठन की ओर से करवाना सामने आया है। इस तरह की बात सामने आने के बाद मंदिर में हड़कंप मचा हुआ है। आखिर कौन लोग भस्मारती की परमिशन बेचने का काम कर रहे हैं। कौन है जो संगठन की आड़ में यह गलत कार्य करने में जुटे है। पुलिस प्रशासन इसकी जांच में जुट गया है।

## गायक कैलाश खेर भस्मारती में शामिल हुए

प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर शुक्रवार को तड़के 4 बजे उज्जैन में भगवान महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर पूरी आरती देखी। आरती के बाद नंदीजी के कान में अपनी मनोकामना कही फिर चांदी गेट से बाबा के दर्शन किए। खेर भक्ति में लीन नजर आए। पुजारियों के माध्यम से भगवान महाकाल को जल अर्पित कराया। इस अवसर पर कैलाश खेर ने कहा कि जो व्यक्ति महाकाल के दरबार में पहुंच जाता है, उसके जन्मों के पाप धुल जाते हैं।